तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

11 सभी जिला कार्यालयों में जल्द लागू होगी ई-ऑफिस प्रणालीः कलेक्टर



12 स्कूलों के शौचालय बदहाल, छात्र-छात्राएं परेशान, भ्रष्टाचार पर न जांच न कार्रवाई



सीटी स्केन की सुविधा अब आपके नगर के
सीटी स्केन सेंटर
लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल, छुरा
24 घंटे उपलब्ध
पवन पेट्रोल पंप के पास, नगर पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद संपर्क करें : 9754134785, 8085101083

प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

### मौसम : किसानों ने जून के प्रथम सप्ताह हुई बारिश के बाद खेतों में डाल दिए थे बीज

# मानसून में देरी, खेती पिछड़ी, बारिश न होने से किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

समय से पूर्व मानसून की दस्तक से जहां लोगो एवं किसानों को खुशी थी। वहीं विगत एक पखवाड़े से बारिश न होने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मई माह में हुई बारिश एवं जून में मानसून की देरी से किसान परेशान है। एन रबी फसल के समय हुई बारिश से किसान हलाकान रहे। अब जून में मानसून की देरी से किसानों के माथे में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। हर साल जून के दूसरे सप्ताह में मानसूनी बारिश से खेती किसानी के काम में किसान व्यस्त हो जाते थे। किंतु इस वर्ष मौसम चक्र में परिवर्तन साफ दिखाई देने लगा है। जून का अंतिम सप्ताह चल रहा है किंतु बोवाई के लिए पर्याप्त बारिश का अभाव देखा जा रहा है। राजिम अंचल के कई किसानों से जून के प्रथम सप्ताह हुई बारिश के बाद खेतों में बीज डाल दिए थे। चूंकि बारिश के अभाव बीज अंकुरित नहीं हुआ है। 15 दिन से भी अधिक समय से बारिश न होने से बीज के सड़ने की आशंका से किसान भयभीत है। ऐसी दशा में किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ सकती है।



#### गरियाबंद एवं रायपुर समेत एक दर्जन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

किसानों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। उम्मीद थी कि इस वर्ष मानसून समय से पूर्व ही आ जाएगा। मौसम विभाग ने समय पूर्व मानसून को पुष्टि भी कर दी थी। किंतु रोज सुबह के खिलती धूप ने किसानों एवं आम लोगों के चेहरे की रंगत उड़ा दी है। हालांकि हर रोज शाम घटा एवं ठंडी हवाएं जरूर चलती है। किंतु बिना बारिश के बादल उड़ जाते है। मौसम विभाग विगत पखवाड़े भर से ऑरेंज अलर्ट जारी कर छत्तीसगढ़ के मध्य हिस्से में बारिश, गरज चमक की सूचना दे रहा है। किंतु कही-कही छुटपुट बूंदा बांदी को छोड़ कही भी बारिश नहीं हो रही है। किसान खरीफ फसल की तैयारी कर मानसून के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे है। खेतों की सफाई एवं जुताई का काम पूर्ण हो चुका है। बोने के लिए बीज खरीदे जा चुके है। कई खेतों में बोवाई भी पूरी हो चुकी है। बारिश न होने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है।

#### मौसम एवं विभाग के पूर्वानुमान में विरोधाभास

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में गरियाबंद, रायपुर जिले समेत सभी जिलों में बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के एक दर्जन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां बारिश के साथ बादल गरजने एवं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई जा रही है। किंतु मौसम एवं मौसम विभाग की जानकारी में काफी विरोधाभास है। कृषि संजीवनी कृषक केंद्र के संचालक अखिलेश शर्मा ने बताया कि नवापारा से लगे गांव में सरना एवं महामाया धान के अतिरिक्त 1064 अर्ली वेरायटी बोया जाता है। नवापारा एवं राजिम क्षेत्र की मिट्टी, जलवायु एवं मौसम इन्हीं धान के लिए उपर्युक्त है। लिहाजा किसानों ने धान की बोवाई कर दी है। अब बारिश का इंतजार है। खेत के मेड़ो में अरहर, तिलहन एवं मुंग लगाई जाती है। नवापारा नगर से लगे ग्राम बुड़ेनी के किसान अश्वनी साहू ने बताया कि खेतों में 10 दिन पूर्व खेत में महामाया धान का बीज खेत में बोया गया है।

# खुदाई के दौरान केबल के करंट से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में मोबाइल कनेक्शन वायर जोड़ने के लिए गड्ढा खोदते समय बिजली के करंट के चपेट में आने से मैनपुर भाटीगढ़ निवासी युवक चम्मन लाल साहू दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम भाटीगढ निवासी चम्मन लाल साहू उम्र लगभग 40 वर्ष एक मोबाइल कंपनी में केबल वायर जोड़ने का कार्य कर रहा था प्रतिदिन की तरह आज अपने साथियों के साथ केवल वायर जोड़ने का कार्य करने के लिए मैनपुर सिकासार क्षेत्र में गया हुआ था और सुबह 8रू00 बजे के आसपास गड्ढा खोद रहा था गड्ढा खोदने के बाद वायर जोड़ने के लिए वह गड्ढे की भीतर उतरा था कि अचानक करंट लगने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई युवक जिस स्थान पर गड्ढा खोदकर केबल वायर जोड़ने का कार्य कर रहा था उसके नजदीक बिजली के हाई टेंशन तार के खंभे भी है इस दौरान अचानक करंट लगने से युवक की मौत हो गई, युवक को तत्काल जिला अस्पताल गरियाबंद इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने



शाम को मैनपुर भाटीगढ़ में उनका अंतिम संस्कार किया, मृतक के परिजनों ने बताया युवक मजदूरी केवल वायर जोड़ने का कार्य कर जीवन यापन कर रहा था उनके दो बच्चे भी है परिजनों ने बताया आज सोमवार को सुबह अपने साथियों के साथ चम्मन लाल साहू केवल वायर जोड़ने गया था उनके साथियों ने करंट लगने की जानकारी फोन से दिया तो परिजन तत्काल गरियाबंद जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था इस मामले रिपोर्ट गरियाबंद थाना में किया गया है, पुलिस द्वारा मामले में जांच की बात कही गई है। बिजली विभाग मैनपुर के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया की जहां पर केवल वायर जोड़ने के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस आज

छुरा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक द्वारा महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस 24 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर में बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाना है। जिसमें प्रातः 10 बजे कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण प्रारंभ मिनी स्टेडियम छुरा से निकाला जायेगा। दोपहर 12 बजे रानी दुर्गावती चौक बस स्टैंड में रानी दुर्गावती की माल्यार्पण पूजा अर्चना सगा समाज द्वारा किया जायेगा। मंचीय उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 01 बजे मिनी स्टेडियम छुरा में समय सांय 05 बजे तक सम्पन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर के समस्त आदिवासी समाज के प्रमुख व जिला स्तर के अधिकारीगण ब्लॉक के आदिवासी समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधिगण अन्य समाज के सगाजन की उपस्थिति रहेगा। जिसमें 05 से 10 हजार सगा समाज की आने की संभावना है।

### नगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

राजिम। नगर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आज 24 जून मंगलवार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक एमजीएम नेत्र आंख अस्पताल रायपुर एवं अध्यक्ष नगर पंचायत पंचायत राजिम एंव किसान सेवा समिति राजिम के विशेष सहयोग से मां महामाया मंदिर प्रांगण में होने जा रहा है जिसमें आंखों की जांच, मोतियाबिंद, ऑपरेशन, जांच, आंख में आंसू आना एवं चश्मे की नंबर की जांच किया जायेगा।

# जिले में राशन वितरण ओटीपी से अटका, भीड़ में फंसे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

हरिभूमि फॉलोअप

सर! 5 बजे से खड़े हैं, अब तो भूख से हाथ कांपने लगे हैं! यह गुहार उस बुजुर्ग हितग्राही की थी जो गरियाबंद की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने लंबी लाइन में लगे-लगे थक चुका था।

- खाद्य अधिकारी दुबे ने देखी जमीनी हकीकत, बोले- सबको मिलेगा राशन

ऐसे ही सैकड़ों लोगों की परेशानी तब और बढ़ गई जब रविवार को तकनीकी बाधाओं के चलते राशन वितरण पूरी तरह ठप हो गया। हालात इतने बिगड़े कि दुकान का शटर तक नहीं खुल पाया, मौके पर पुलिस बल बुलाना पड़ा। इस गंभीर स्थिति की जानकारी मिलते ही सोमवार को जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे खुद निरीक्षण के लिए राशन दुकान पहुंचे। भीड़ देखकर वे कुछ देर वहीं ठिठक गए, फिर हितग्राहियों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारी दुबे ने देखा कि राशन कार्ड ▶▶|शेष पेज 10 पर





#### अधिकारी ने माना चुनौती बड़ी है

अरविंद दुबे ने भीड़ और तकनीकी अड़चनों को गंभीरता से लेते हुए कहा की हमारी प्राथमिकता है कि 30 जून तक सभी हितग्राहियों को तीन महीने का राशन मिल जाए। तकनीकी समस्या वास्तविक है, लेकिन हम इसे दूर करने के प्रयास कर रहे हैं। किसी को भी राशन से वंचित नहीं रहने देंगे। इन सवालों से घिरे अरविंद दुबे ने न सिर्फ हितग्राहियों को समझाइश दी, बल्कि मौके पर राशन दुकान संचालकों से तकनीकी समाधान पर बातचीत भी की। उन्होंने जल्द ही सर्वर व नेटवर्क की समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया।

### बारिश से पहले पुल को लोकार्पित करने के लिए ठेका कंपनी को दिए निर्देश

# कलेक्टर ने तेल नदी पुल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुपेबेड़ा समेत 9 गांवों की सुविधाओं के लिए बन रहे करोड़ो के पुल निर्माण और पेयजल योजना की प्रगति जांचने पहुंचे गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके को स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का चौंकाने वाला खुलासा हुआ। किडनी रोगियों के लिए तैनात एंबुलेंस और डायलिस जनरेटर के पेट्रोल–डीजल बिल के 3.50 लाख रुपये का भुगतान पिछले तीन माह से लटका है, जिससे पेट्रोल पंप ने आपूर्ति बंद कर दी है। साथ ही, किडनी रोगियों को मिलने वाली दवाएं भी अब उपलब्ध नहीं हो रही हैं, जिससे मरीजों को या तो खुद दवा खरीदनी पड़ रही है या स्थानीय जीवनदीप समिति से मदद लेनी पड़ रही है। कलेक्टर ने तेल नदी के सेनमुडा घाट पर 10 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 325 मीटर लंबे पुल का निरीक्षण किया। यह पुल 9 गांवों की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण है। बारिश से पहले पुल को लोकार्पित करने के लिए ठेका कंपनी गणपति कंस्ट्रक्शन को शेष कार्य और रंग-रोगन जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। हाल ही में डायवर्शन मार्ग बहने से ग्रामीणों ने पुल पर आवाजाही की मांग को लेकर हंगामा किया था, जिसके बाद कलेक्टर ने दुपहिया वाहनों को आवागमन की छूट दी। गरियाबंद कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत सुपेबेड़ा और 9 गांवों के लिए 8.50 करोड़ रुपये की सामुदायिक पेयजल योजना का काम मार्च 2025 तक पूरा होना था, लेकिन प्रगति धीमी है. कलेक्टर ने निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक, सप्लाई सेंटर और पाइपलाइन का जायजा लिया और तीन माह में काम पूरा करने का सख्त निर्देश दिया. देरी होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



#### स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर कलेक्टर नाराज

सुपेबेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कलेक्टर ने मरीजों और डॉक्टरों से मुलाकात की। डॉक्टरों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू की गई एंबुलेंस का भी बकाया भुगतान नहीं हुआ है। कलेक्टर ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए भुगतान संबंधी समस्याओं को तत्काल टीएल बैठक में उठाने का आश्वासन दिया। स्थानीय मरीज जीवन आडील ने बताया कि दवाओं की कमी के कारण उनकी परेशानी बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। कलेक्टर ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष ने सड़क से मृत कुत्ते को हटाया



**मैनपुर।** गरियाबंद जिला पंचायत के युवा अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने जो मानवता का मिशाल पेश किया है इसकी लोगो के द्वारा जमकर तारीफ किया जा रहा है और सोशल मिडिया में यह विडियों खूब वायरल हो रहा है लोगो के द्वारा उनके इस कार्य की प्रशंसा किया जा रहा है। वायरल विडियो में दिखाई दे रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप क्षेत्र मे अपने प्रवास के दौरान अपने वाहन से जाते समय सड़क के बीचो बीच एक मरे हुए कुत्ते को देखकर अपने वाहन को रूकवाते है और बकायदा अपने हाथो से उस मरे हुए कुत्ते को सड़क किनारे सुरक्षित जगह में ले जाकर रखते दिखाई दे रहे है। ज्ञात हो कि अज्ञात वाहन के द्वारा एक कुत्ते को कुचलकर भाग गये है और इस मार्ग से जब जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप का आगमन हुआ तो उन्होने मानवता का परिचय देते हुए वाहन से कुचले और मर चुके बेजुबान कुत्ते को सुरक्षित सड़क किनारे ले जाकर रखा ताकि अन्य वाहनों से यह और न कुचला जाये।

### गुलाब गार्डन में नपा अध्यक्ष योग दिवस में शामिल हुईं



**नवापारा-राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुलाब गार्डन में डॉ.रमेश सोनसायटी ने योगासन और प्राणायाम के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभ के बारे में बताया। सभी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ प्रदीप मिश्रा ,शिवकुमार गर्ग ,डॉ. राजेंद्र गदिया, सहदेव कंसारी,मुकुंद मेश्राम, योगिता - डॉ. केआर सिन्हा,धीरज साहू, मंगल सेन, परदेशीराम साहू, दयालु गाड़ा, सोन सर, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# जिले में मानसून पूर्व घरों की मरम्मत तेज, खपरैल वाले घर हो रहे विलुप्त

**कोपरा।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों किसान खेती-किसानी के साथ-साथ अपने खपरैल वाले घरों को बरसात से पहले सुधारने में जुट गए हैं।

तप्ती गर्मी के कारण उन्हें मरम्मत के लिए मजदूर भी मुश्किल से मिल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने घरों की छावनियों में **बांस-बल्ली बदलने और टूटे खपरैल को ठीक कर रहे हैं। बीते तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं और देर रात बारिश भी हुई है, वहीं 16 से 20 जून के आसपास क्षेत्र में मानसून ने दस्तक दे दी है। इसी के चलते नगर और ग्रामीण इलाकों के निवासी अपने छावनी वाले घरों की मरम्मत और सुधार कार्य में तेजी से लगे हुए हैं। कुछ ग्रामीण खुद मजदूर बनकर दूसरों की छावनियों पर चढ़कर छप्पर बदल रहे हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों को प्लास्टिक और टिन से ढकने का काम भी चल रहा है।

**मरम्मत के लिए मजदूरों का टोटा :** दरअसल, इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेती-किसानी की तैयारी में व्यस्त हैं, जिसके कारण घरों की मरम्मत के लिए मजदूरों की कमी हो गई है। जो मजदूर काम पर आ रहे हैं, वे भी मुश्किल से मिल रहे हैं। बारिश का मौसम नजदीक होने के कारण लोग भी जल्द से जल्द अपने घरों की मरम्मत कराना चाहते हैं। ऐसे में, घर के मालिक खुद ही अपना आशियाना संवारने में जुट गए हैं।



**क्षेत्र से विलुप्त हो रहे हैं खपरैल वाले घर**

ग्रामीणों ने बताया कि आज के बदलते दौर में खपरैल का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। पूर्व में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में घरों की पहचान माने जाने वाले खपरैल की महत्ता कम हो गई है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में तो अब गिने-चुने ही मकान होंगे, जहां खपरैल की छत हो। अब लोग खपरैल की जगह पक्के मकान बना रहे हैं। एक समय था जब बारिश का सीजन आते ही खपरैल बनाने वालों के पास सांस लेने की भी फुर्सत नहीं होती थी। लेकिन आज स्थिति यह है कि खपरैल की मांग लगभग नहीं के बराबर रह गई है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। कई खपरैल बनाने वाले, जो बरसों से यही काम कर रहे हैं, वे भी मुश्किल में हैं। कुल मिलाकर, घरों की शान समझे जाने वाले खपरैल पर अब अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है।

## कार्यक्रम: भाजपाइयों ने योग दिवस मे शामिल होकर योगा किया

# योग, स्वस्थ शरीर व शांत मन की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर जनपद पंचायत फिंगेश्वर के प्रांगण पर भाजपाईयों ने अपनी उपस्थिति देते हुए योगा कार्यक्रम में शामिल हुए।

योग कार्यक्रम के आयोजन में जिला गरियाबंद की वरिष्ठ भाजपा भागवत हरित,वरिष्ट भाजपा नेता रामू राम साहू आदि शामिल हुए। भागवत हरित ने कहा कि योग जीवन के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। योग अभी से नहीं प्राचीन काल से चला रहा है हम सभी नित्य प्रति योग करते रहें और शरीर को स्वस्थ रखें। वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू ने कहा कि योग से जहां शरीर फीट रहती हे वहीं पर मन को शांति का अनुभव होता है जिसके चलते शारीरिक लाभ के अलावा मानसिक लाभ भी प्राप्त होता है। करें योग रहे निरोग।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि योग को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है।जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश भर में विभिन्न जगहों पर योग का आयोजन हुआ है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की देन है कि भारतीय ज्ञान योग को आज सभी लोग मान रहे हैं उन्होंने उपस्थित लोगों को योग करते रहने का आह्वान किया।

योगाचार्य के रूप में विद्यालय चैत्र के शिक्षक अविनाश तथा सहायक के रूप में योग के क्षेत्र में प्रदेश से सम्मानित मोहित साहू एवं मुकेश साहू उपस्थित होकर योगाभ्यास कराया। योग शिक्षक अविनाश की उपस्थित पर लोगों ने खूब प्रशंसा की। उन्होने पूरी विधि से अनेक प्रकार की योग कराया। आभार प्रदर्शन जनपद सीईओ स्वप्निल धुरव द्वारा सभी उपस्थित लोगों के आभार व्यक्त किया।

## नियमित योग से मिटेगा रोग : गणेश

**गरियाबंद।** जिला जेल गरियाबंद परिसर में पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में योग संगम एवं हरित योग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जेल महानिदेशक, रायपुर के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों और जेल स्टाफ को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाए रखना रहा। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति, गरियाबंद के जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला योग प्रचारक गणेश आजाद, योगाचार्य भागवत साहू और नितेश साहू ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को मंत्रोच्चारण और विभिन्न योगासन-प्रणालियों का अभ्यास कराया।

जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा ने योग को आत्मशुद्धि का माध्यम बताते हुए कहा की नियमित योग अपने ईष्ट की भक्ति के समान है, जिसका पुण्य फल अवश्य प्राप्त होता है।" उन्होंने सभी योगाचार्यों के प्रति आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक रवि भूआर्य, जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा, जेल प्रहरी रामानुज साहू, सुरेन्द्र पटेल, राजाराम साहू, कमलनारायण ध्रुव, रूपचंद साहू, वीरेन्द्र बांधे, तलेश्वर राजवाड़े, जसमन मिंज, भरद्वाज दीवान, श्रीमती आरती साहू, हेमलता साहू, साधना यादव, बालाराम सेन्द्र, जे.पी. सिंग सहित समस्त जेल स्टाफ ने योगाभ्यास में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



**योगाभ्यास में शामिल प्रमुख अभ्यास:**

शिथिलीकरण क्रियाएं: ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटी शक्ति विकासक आदि

आसन (खड़े होकर): ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन

बैठकर किए जाने वाले आसन: दंडासन, वक्रासन, भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन

पेट के बल किए जाने वाले: मकरासन, भुजंगासन, शलभासन

पीठ के बल किए गए आसन: सेतुबंधासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्त आसन, योग निद्रा

प्राणायाम एवं ध्यान: कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान अभ्यास।

गणेश आजाद ने कहा की आत्म-नियंत्रण का श्रेष्ठ माध्यम योग है। नियमित योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है।"

# क्षमता भवन में डिजिटल साक्षरता प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नासकॉम फाउंडेशन द्वारा आयोजित डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण कार्यक्रम मे शामिल लाभार्थी को जनपद मैनपुर के क्षमता भवन में हुआ सर्टिफिकेट दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल तकनीक की जानकारी देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। समारोह में जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। 50 प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती नंदिनी नेताम, हेमंत कुमार तिर्की, आकांक्षा ब्लॉक फेलो निखलेश कुमार वर्मा, नासकॉम फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर मिश्रीलाल यादव एवं श्रीमती दिव्या सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीणों को मोबाइल उपयोग, ई–सेवाएं, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा, ईमेल, गूगल एप्लिकेशन जैसे आवश्यक डिजिटल उपकरणों का ज्ञान दिया गया। प्रतिभागियों में महेश कुमार दीवान, पुने बाई नागेश, और हनीता नायक जैसे ग्रामीण नागरिकों एवं सरपंचों की सक्रिय भागीदारी रही। अपने संबोधन में जनपद के सीईओ "वेता वर्मा ने कहा आज के समय में डिजिटल साक्षरता गांवों के विकास की रीढ़ बनती जा रही है। नासकॉम फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास ग्रामीणों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित कर रहा है। समाजसेवी नंदिनी नेताम ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल ज्ञान अब केवल शहरी सुविधा नहीं रहा, बल्कि यह ग्रामीण भारत की भी एक आवश्यकता बन गया है। कार्यक्रम के दौरान यह भी घोषणा की गई कि भविष्य में और भी गांवों को इस पहल से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण नागरिक डिजिटल रूप से सशक्त बन सकें। समारोह में सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों ने इस सकारात्मक पहल की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।

# भाजपा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**नवापारा-राजिम।** भाजपा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र सोनी, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, परदेशी राम साहू, योगिता सिन्हा, शक्तिकेन्द्र संयोजक डॉ. फुलजी साहू, चेतन साहू, झाड़ूराम सिन्हा, इतवारी चक्रधारी, लुमेश चक्रधारी, धीरज साहू, सिंटू सौरभ जैन, मायाराम साहू, सोहेन्द्र साहू, पाल सिंह, सचिन सचदेव, जग्गू यादव, कैलाश तिवारी ,संजीव सोनी, राजू रजक, अनुज राजपूत , देवेंद्र साहू, झाड़ूराम सिन्हा, गुलशन साहू, देवेंद्र सेन, साधना सौरज, धनमती साहू, अग्नि यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने बताया कि 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गया था जिसे आज ही को हम सब बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं, मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा अलग संविधान था सांसद में मुखर्जी ने धारा 370 हटने पर भी बयान दिया था उन्होंने 1952 में जम्मू कश्मीर की रैली में अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको



भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। वे जम्मू कश्मीर के यात्रा पर निकल गए जंहा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया वहां उन्हें नजरबंद कर दिया गया आज तक उनकी मृत्यु एक रहस्यमयी हैं। मालूम हो कि भाजपा मंडल के सभी शक्तिकेन्द्र में मनाया गया। जिसमें नवापारा विधायक कार्यालय में मुख्य कार्यक्रम हुआ जिसमें 50 कार्यकर्ता, सोमवारी बाजार शक्तिकेन्द्र 30, बगदेही पारा शक्तिकेन्द्र संख्या 34, हसदा शक्तिकेन्द्र संख्या 35, पटेवा शक्तिकेन्द्र संख्या 25, पिपरौद शक्तिकेन्द्र संख्या 20, किसान पारा शक्तिकेन्द संख्या 20, कुर्रा शक्तिकेन्द्र संख्या 27, पारागांव शक्तिकेन्द्र संख्या 18, बगदेही पारा शक्तिकेन्द्र संख्या 25 कार्यकर्ता शामिल हुए।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर जिपं सदस्य संजय नेताम ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद।** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मिलकर उन्हें पत्र के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा जनहित में उन्हें पूर्ण करने की मांग की। उन्होंने पत्र के माध्यम से मैनपुर एवं शोभा में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूल के भवन निर्माण तथा शोभा में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि मैनपुर विकासखंड के ग्राम शोभा में शैक्षणिक वर्ष 2023 में हायर सेकेण्डरी स्कूल की स्थापना हुई है। यह राजापड़ाव क्षेत्र का एकमात्र हायर सेकेण्डरी स्कूल है जिसमें आसपास के 30-35 किमी दूर के छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। अत्यधिक दूरी और विषम भौगोलिक परिस्थिति होने के कारण छात्राएँ अब पढ़ाई छोड़ रही हैं। क्षेत्र के अनेक गाँवों की छात्राएं अत्यधिक दूरी तथा रास्ते में पड़ने



वाले नदी नालों व जंगलों को पार कर यहाँ पहुंचते हैं जो अत्यंत जोखिम भरा है। ग्राम शोभा में पूर्व से स्कूल का अतिरिक्त कक्ष है वह अभी रिक्त है जिसमें 40 नग शैय्या की व्यवस्था कर उसे अस्थायी छात्रावास के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा यहाँ कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक के अध्ययनरत छात्राओं के लिए स्थायी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की भी आवश्यकता है। इसलिए छात्राओं के हित में ग्राम शोभा विकासखंड मैनपुर में वर्तमान में छात्राओं के लिए अस्थायी छात्रावास की व्यवस्था करने तथा स्थायी रूप से नवीन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्वीकृति की जाए।

# प्राथमिक और माध्यमिक शाला की जनभागीदारी समिति की बैठक हुई

**रसेला।** शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला रसेला के जनभागीदारी समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समिति के सदस्यगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षक देवनारायण साहू ने बैठक में चर्चा करते हुए बताया कि प्राथमिक शाला अब माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप माध्यमिक शाला के अधीन हो जाएगा। शिक्षा सत्र 2025 - 26 के शाला प्रवेश उत्सव 26 जून दिन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय बैठक में लिया गया। शाला प्रबंधन विकास समिति का पुनर्गठन 30 जून को किया जाएगा, बताया गया कि अब दोनों शाला की एक ही जनभागीदारी समिति गठित होगी। प्राथमिक का माध्यमिक शाला में समायोजन का जानकारी दी गई। एक पेड़ मां के



नाम के अंतर्गत पौधारोपण शाला प्रवेशोत्सव के दिन किया जाएगा। साथ ही शाला में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु पंचायत द्वारा पंप लगाने का प्रस्ताव किया गया। शाला परिसर में बने क्यारी में गार्डन में पौधा लगाने तथा क्यारी निर्माण की राशि आहरण कर भुगतान करने का निर्णय लिया। लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों को नियमित शाला भेजने के लिए पालक संपर्क करने का भी बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, अध्यक्ष धनेश्वर दास, देवकी मरकाम, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहनी, कशराम नेताम, डोमेश चौहान, कृष्णा यादव, पीला बाई ठाकुर, सरिता ठाकुर, दमयंतीन नागेश, मालती मरकाम, निर्मला निषाद, रामायण ठाकुर, शिक्षक बालचंद नेताम, हृदयराम साहू, संजीव सिन्हा, तांडी मैडम, स्व सहायता समूह के सदस्य वत्सला निषाद, लगनी बाई, ललिता बाई यादव,रूखमणी यादव सहित पालकगण उपस्थित रहे।

# ग्रामसभा को सशक्त बनाने बेगरपाला में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**मैनपुर।** ग्राम सभा जागरूकता अभियान प्रयोग समाजसेवी संस्थान का शुभारंभ 20 मई को गरियाबंद से प्रारंभ किया गया था जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम एवं संजय नेताम तथा जिला कलेक्टर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था प्रयोग समाजसेवी संस्थान के द्वारा जिले के 20 ग्राम पंचायत में 40 सभा लेकर के ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता किया गया। इस अभियान में ग्राम सभा की शक्ति, ग्राम सभा करने की विधि, पेसा एक्ट, पांचवी अनुसूची के साथ वन एवं वन्य प्राणियों की महत्व वनों की संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को जागरूकता किया गया।

जिसका भव्य रूप से पहला चरण का समापन आज ग्राम पंचायत बेगर पाला में संपन्न हुआ जहां पर भारी संख्या में लोग शामिल हुए, इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश्वरी नेताम शामिल हुए। सीताराम सोनवानी दीदी कश्यप मीना वर्मा, नूरानी जैन, सुनीता, रेवती यादव, हीरोंदी नेताम, जगतु ध्रुवा कंवल धुर्वा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# साहू समाज ने विधवाओं को दिया सम्मानजनक दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा

विधवा महिला के विषय में सभी समाज की क्या अवधारणा है सर्वविदित है। एक समय था समाज में विधवा महिलाओं का दर्जा निम्न था, यहां तक की उन्हें मांगलिक कार्यक्रमों में भी दूर-दूर रखा जाता है, उनसे कोई विशेष कार्य भी नहीं करवाए जाते। उनकी छाया अशुभ समझी जाती है। एक विधवा अपने ही बेटी का कन्यादान नहीं कर सकती,एक मां होने के नाते उसे ऐसा करने का पूरा अधिकार है, बजाय इसके कि वह एक कोने में बैठकर अपनी बेटी का हाथ जोड़े जाने का नजारा देखे। और कोई अज्ञात रिश्तेदार कन्यादान करने आ जाए। ऐसे में विधवा स्त्री का जीवन चुनौतीपूर्ण हो जाता है । कल्पना किजीए उस महिलाओं की अंतरात्मा में क्या दशा होती होगी। । साहू समाज के वार्षिक कार्यक्रम सिर्रीखुर्द में सभामंच से साहू समाज





की समाजिक नेत्री व पुर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू ने इसी संदर्भ को लेकर कहा कि विधवापन के प्रति साहू समाज के दृष्टिकोण में बड़े बदलाव लाने के लिए यह बदलाव लाया। कई शुभ अवसरों पर विधवाओं के साथ सूक्ष्म और प्रत्यक्ष तरीके से भेदभाव कम किया गया है। साहू समाज में विधवा महिला शादी के समय मौर सौंपने की पांबदी हटा दी गई है अब वो रस्म अदायगी पर छुट दी गई है वहीं विधवा होने पर तलाब कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सामुहिक उपस्थित में सुहाग श्रृंगार उतारे जाना एक संवेदनशील है, को अब निज घर में सुक्ष्म और अप्रत्यक्ष करने का नियम रखा गया है। प्रवीण साहू अध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र बेलर

जोहतराम साहू , हरिराम साहू उपाध्यक, संगीता साहू उपाध्यक्ष, गजानंद साहू (सचिव), शेखर साहू (सह सचिव) जुगराम साहू (कोषाध्यक्ष), तोरणलाल साहू, युवराज साहू, रेखा साहू, रामाधार साहू, भूषण साहू, टिकेश साहू, यशवंत साहू, ओमप्रकाश साहू, चुम्मन साहू राधेश्याम साहू, भोजराम साहू, परमेश्वर साहू, जागेश्वरी साहू, राजू साहू इत्यादि

## पेज 9 के शेष

### खुदाई के दौरान..

गड्ढा खोदा गया था उसके नजदीक बिजली के खंबे है और इस दौरान बिजली के करंट लगने से युवक की मौत होने की जानकारी मिली है विभाग द्वारा जांच किया जा रहा है।

### जिले में राशन वितरण...

से वितरण के लिए बार-बार ओटीपी नहीं आना, धीमा सर्वर और खराब नेटवर्क से हर कार्डधारी पर औसतन आधा घंटा लग रहा है। सेल्समेन रमेश निर्मलकर ने बताया कि, "एक हितग्राही को राशन देने के लिए 6 से 9 बार तक ओटीपी ट्राई करना पड़ता है। दिनभर में मुश्किल से 20–22 कार्डधारी ही निपट पाते हैं।"

**अभी एक लाख से ज्यादा कार्डधारी को राशन मिलना बाकी :** गरियाबंद जिले में कुल 2.12 लाख राशन कार्डधारी हैं। जिनमें से अब तक केवल 1.10 लाख को ही राशन मिल पाया है। 30 जून की डेडलाइन तेजी से नजदीक आ रही है और इस बीच एक लाख से ज्यादा लोगों को राशन वितरण एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती बन गई है। विशेषकर मैनपुर और छुरा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की कमी और सर्वर की सुस्ती ने परेशानी को और बढ़ा दिया है। यहां लोग सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगने को मजबूर हैं। गरियाबंद में राशन वितरण फिलहाल एक तकनीकी नहीं, बल्कि मानवीय संकट बन चुका है। जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे की मौके पर मौजूदगी ने एक भरोसा जरूर जगाया है, लेकिन जब तक ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली में सुधार नहीं होता और सर्वर-सुविधाएं नहीं बढ़तीं, तब तक यह व्यवस्था हर महीने लाइन में खड़े भूखे लोगों की कहानी/" ही दोहराएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन समय रहते टेक्नोलॉजी की इस बाधा को पार कर पाता है या नहीं।

## खबर संक्षेप

### बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर लगेगा जुर्माना

**गरियाबंद।** शासन द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों को पूर्व में भी नए नंबर प्लेट बनवाने के लिए जागरूक किया गया था। साथ ही अभियान चला कर शिविर भी लगाया गया था। शासन के निर्देशानुसार बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तारतम्य में लोगों को नंबर प्लेट बनवाने का और सहूलियत देते हुए परिवहन कार्यालय गरियाबंद द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 23 जून 2025 से 27 जून तक जिले के 7 जगहों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत भवन कोपरा, जनपद पंचायत भवन गरियाबंद, जनपद पंचायत भवन फिंगेश्वर, जनपद पंचायत भवन छुरा, जनपद पंचायत भवन देवभोग, जनपद पंचायत भवन मैनपुर एवं नगर पंचायत भवन राजिम में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आवेदक को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज के रूप में अपना आधार कार्ड, वाहन की आर.सी. बुक एवं मोबाईल नंबर के साथ पंजीयन करा सकते है।

### गरियाबंद पॉलिटेक्निक, द्वितीय चरण की काउंसलिंग 26 जून से

**गरियाबंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, एवं माइनिंग इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एन्ट्री) में प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसलिंग प्रक्रिया का द्वितीय चरण 26 जून से प्रारंभ हो रही है। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि काउंसलिंग का द्वितीय चरण 26 जून 2025 से प्रारम्भ होगी। प्रवेश ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से ही होगा। काउन्सलिंग के लिए वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में 26 जून से 29 जून तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक प्रवेश काउंसलिंग की द्वितीय चरण की तिथियाँ निर्धारित की गई है। जिसमें सीटों का आबंटन 04 जुलाई को अपराह्न 4 बजे तक किया जायेगा। प्रवेश 05 जुलाई से 08 जुलाई 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक किया जायेगा। प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण एवं पीपीटी परीक्षा दिलाई है एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एन्ट्री) प्रवेश के लिए कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण (गणित संकाय) अथवा किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण (द्वितीय वर्ष) के विद्यार्थी शामिल हो सकते है।

### 1 लाख युवाओं को नौकरी वाली मोदी गारन्टी कब होगी पूरीः यादव

**छुरा।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा सरकार द्वारा राज्य में युवाओं को 1 लाख नौकरी देने की मोदी गारंटी



का वचन पत्र पर जवाब मांगते हुए कहा है कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ धोखा कर रही है। शिक्षा विभाग में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की भी बात कही थी। नई भर्ती तो छोड़िए युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45 हजार शिक्षकों के पद खत्म कर दिए गए हैं। प्रदेश में 45 हजार से अधिक प्राथमिक व माध्यमिक शालाएं है तथा इन शालाओं में बच्चो की उपस्थिति के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग सेटअप में स्वीकृत शिक्षको की पदों की संख्या को युक्तियुक्तकरण के बहाने सेटअप में संशोधन कर कम कर रही है जिससे शिक्षक भर्ती अन्य पदों पर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओ में रोष व्याप्त है। विधानसभा के मुख्य सत्र 2024 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 16 फरवरी को 33 हजार शिक्षको की भर्ती एक वर्ष के अंदर पूर्ण करने की घोषणा की थी किंतु सरकार के डेढ़ साल बाद भी उन पदों पर भर्ती का कोई सकारात्मक प्रयास सरकार द्वारा नही किया गया।अब मुख्यमंत्री जी ने 5 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की है जो कि ऊंट के मुंह मे जीरा के समान है।

# सभी जिला कार्यालयों में जल्द लागू होगी ई-ऑफिस प्रणालीः कलेक्टर

**गरियाबंद।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के सुगम संचालन को ध्यान में रखते हुए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- ई-ऑफिस प्रणाली पर अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जिसमें समस्त विभागों के ई-ऑफिस संचालकों को सरकारी कार्यालयों के दस्तावेजों को पेपरलैस करने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब जिला कार्यालयों में आगामी समय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों,-कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली



### समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में होगा सुधार

इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी। इसका उद्देश्य ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग एवं प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता, समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार, कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, अंत्यावसायी विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता, एसडीओ पीडब्लयूडी टी.एन दीवान, सहित समस्त विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण में एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला, ई-जिला प्रबंधक श्री मिथलेश देवांगन एवं राज्य कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर्स साक्षी पटेल एवं मुस्कान जसवानी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय एवं उपयोग, दस्तावेज़ तैयार करना, अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग एवं फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय एवं गोपनीयता आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें।

### आयोजन : झरझरा में जिला स्तरीय गायत्री परिवार का संगोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न

# गायत्री परिवार की वार्षिक संगोष्ठी मुरमुरा में हुई, नशे से दूर रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गायत्री परिवार का वार्षिक संगोष्ठी जिले के ख्याति लब्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल मुरमुरा के पर्वतीय रमणीय और नैसर्गिक वातावरण स्थल में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महत्ती संगोष्ठी में जिले भर से 500से अधिक गायत्री प्रमुख और कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

- अनेक अभियान में संकल्प करनै पर किया गया विस्तार पूर्वक चर्चा
- 500से अधिक संख्या में पहुंचे जिले भर से गायत्री परिजन



जिला समन्वय समिति के अध्यक्ष टीकम साहू ने अपने उद्बोधन में युवा पीढ़ी को जागरुक करने आगे आने का आह्वान करते हुए पांच बिन्दुओं पर संकल्प कराया ,जैसे पर्यावरण संरक्षण के लिए 5000 वृक्षारोपण ,नशा मुक्ति जागरण के गांवों के स्कूलों में जाकर जागरुक एवं प्रेरित गायत्री परिवार विहीन गांवों में कम से कम 5 घरों में यज्ञ करना और देव स्थापना,और 108गायत्री परिजनों द्वारा चालीस दिनों का अनुष्ठान , विद्यालयों में 24-24 युवाओं की टोली बनाकर स्कूलों में छात्र छात्राओं को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना जैसे मिशन के अनेक रचनात्मक कार्यों के लिए, जिला समन्वय समिति गरियाबंद के अध्यक्ष टीकम साहू , रूक्मणी बंछोर नै उपस्थित गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर 500कार्यकर्ता मुरमुरा के झरझरा दैवीय और पर्यटन स्थल पर मौजूद रहे, जिसमें छुईहा ,कुरुद और पोंड ईकाई के प्रमुख भूमिका के साथ साथ छुरा राजिम फिन्गेश्वर गरियाबंद आदि क्षेत्रों के गायत्री परिजन की मौजूदगी और महत्ती भूमिका रही। जिसमें जिला समन्वय समिति प्रमुख टीकम राम साहू, रोमन चन्द्राकर ब्लाक समन्वयक समिति राजिम टीकम चंद सेन संस्कार शाला प्रदेश पदाधिकारी भारती कुलदीप, समेत पुरुषोत्तम यादव ट्रस्टी प्रमुख डा राजा राम सिन्हा, ईकाई प्रमुख चेतन राम सिन्हा, कुलेश्वर प्रजापति, तिलक राम साहू, माधव यादव, तुलसी ताम्रध्वज साहू, कामता साहू, ईश्वर तारक गौकरण मानिकपुरी हरिश्चन्द्र ध्रुव, माखन लाल साहू, मेस राम साहू, ताराचंद वर्मा, तेज राम साहू, रामचंद दीवान, उगेश कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, युगल किशोर साहू, मधुसुदन साहू, गुलशन साहू, कुमारी प्रिया साहू, टाकेश्वरी, कुमारी सुनिधि साहू, कुमारी पूनम साहू, कुमारी गामिनी तारक और मां झरझरा समिति के मोहन साहू, अनिल कुमार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर मंच में योग क्रिया का सफल प्रदर्शन के लिए बालिकाओं, प्रेरणादाता कुलदीप भारती और और ग्राम खुटेरी निवासी सेवानिवृत व्याख्याता लेखन राम सेन का मंच पर छुईहा ईकाई और उनके शिष्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग सर्वाधिक उपयोगी : लता

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत गायत्री मंत्र की उच्चारण के साथ हुई।उसके बाद योग शिक्षक हीरावन लाल साहू ने सभी छात्र-छात्राओ, शिक्षक, शिक्षिकाओं, पालकों एवं जनप्रतिनिधि सभी को योग में वज्रासन, ताड़ासन, शशांक आसन, तितली आसन, भुजंगासन,पद्मासन आदि योग कराया गया। उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया।उसके पश्चात संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव द्वारा सभी बच्चों एवं शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि पालक को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं



आध्यात्मिक लाभ को बताते हुए कहा कि जीवन मे स्वस्थ रहने के लिए योग का बड़ा ही महत्व है। योग दिवस के मौके पर सरपंच सुकदेव राम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, धनेश्वरी यादव, गुलशन साहू, शिक्षक हीरावन लाल साहू, मोती ध्रुव, कमलकान्त सेन आदि उपस्थित थे।

### बचपन और एएचपीएस ने साथ मिलकर मनाया योग

**नवापारा-राजिम।** एएचपीएस पटेवा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह के साथ किया गया जिसमें बचपन और एएचपीएस दोनों स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न आसनों, ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। संपूर्ण योगासन का अभ्यास योग शिक्षिका नमिता साहू के मार्गदर्शन में हुआ। स्कूल



की प्राचार्य पल्लवी मरार ने प्रत्येक सुबह स्वयं में नई ऊर्जा के संचार के लिए प्राणायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। योगाभ्यास के दौरान सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए 45 किमी का सफर

**नवापारा-राजिम।** इस शहर में कई शासकीय सुविधाओं का अभाव है मसलन शहरवासियों को ड्राइविंग लाइसेंस तक के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। लिहाजा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए युवाओं को 45 किलोमीटर दूर रायपुर शहर जाना पड़ता है। हालांकि लर्निंग लाइसेंस ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन से प्राप्त हो जाता है। किंतु परमानेंट लाइसेंस के लिए रायपुर आरटीओ कार्यालय जाना पड़ता है। जिससे पूरा दिन आरटीओ कार्यालय में लग जाता है। कई बार आरटीओ कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते है। ड्राइविंग लाइसेंस शिविर के अभाव में ऐसे लोग सक्रिय रहते है जो तय शुल्क से अधिक पैसे लेकर लाइसेंस बनवाते है। लोगों एवं युवाओं की मांग है कि प्रत्येक तीन माह में आरटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर लगाई जाए। बता दे कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोग दुपहिया एवं चारपहिया वाहन चलाने के लिए लाइसेंस बनाने के पात्र होते है। किंतु नगर के कई लोगों के पास अब भी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। छात्र-छात्राएं जानकारी के अभाव में ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज से परिचित नहीं है। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर लगाए जाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है। किंतु यातायात विभाग मांग को गंभीरता से नहीं ले रही है।




### ड्राइविंग लाइसेंस क्यों आवश्यक है?

ड्राइविंग लाइसेंस सार्वजनिक सड़कों पर वाहन चलाने के लिए कानूनी अनुमति प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि व्यक्ति यातायात नियमों से परिचित है। कानूनी रूप से बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना अवैध है। लाइसेंस एक कानूनी दस्तावेज है जो प्रमाणित करता है कि व्यक्ति वाहन चलाने के योग्य है और यातायात नियमों का पालन करने में सक्षम है। केवल योग्य और प्रशिक्षित व्यक्ति सड़कों पर वाहन चलाए। जिससे सड़क दुर्घटना और यातायात उल्लंघनों को कम किया जा सके। यदि कोई व्यक्ति लाइसेंस के बिना गाड़ी चलाता है या पकड़ा जाता है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और उसे दंडित किया जा सकता है। वाहन बीमा या पंजीकरण ड्राइविंग लाइसेंस के बिना प्राप्त नहीं की जा सकती है।

# बिजली में ग्राम विकास समिति के शत्रुघ्न साहू बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा

ग्राम विकास समिति बिजली ग्राम के सफल संचालन के सार्वजनिक बैठक आहूत कर पुनर्गठन किया गया है। रविवार को सर्वसम्मति से ग्राम विकास समिति के लिए अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, सचिव कृपा राम निषाद, कोषाध्यक्ष नूतन पटेल को मनोनित किया गया है। इससे पहले पूर्व पदाधिकारी की सफल कार्यकाल और संचालन के ग्रामवासियों ने धन्यवाद व सम्मान किया और ग्रामवासियों ने कहा की आपके अनुभव का समय समय में मार्गदर्शन व सुझाव की अपेक्षा रहेगा। वहीं नवीन पदाधिकारी का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर नंदू यादव, पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि मोती राम निषाद, राजु सिन्हा, लीला राम पटेल, लिखन राम निषाद, केआर वर्मा, रुमन यादव, गजेन्द्र निषाद, दौलत यादव, डोमन साहू, उदय यादव, सत्यनारायण और समस्त ग्रामवासी बिजली की उपस्थिति में शीतला माता प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

# किसानों की बढ़ी चिंता, आप पार्टी ने खाद-बीज की कमी पर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा जिले की सहकारी समितियों में खाद की कमी और अमानक बीज पर गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चमन यादव ने कहा कि जिला में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी है, जिला का किसान परेशान है।

इस सम्बन्ध में जिले में आज आम आदमी पार्टी द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।निजी विक्रेताओं द्वारा अमानक बीज बिक्री सम्बंधित कृषि विभाग की टीम कई जगहों पर प्रतिष्ठानों पर दबिश तो दे रही है, लेकिन इस खरीफ सीजन में कृषि विभाग के द्वारा नकली खाद और बीज की आशंका पर खानापूर्ति की जा रही है। कृषि विभाग के जांच दल की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

संबंधित विक्रेताओं के द्वारा किसानो को निर्धारित प्रारूफ में बिक्री रसीद, बिल नहीं दिया जा रहा था और न ही बीज की कीमत और मात्रा को लेकर कोई सूचना दीवार



पर चस्पा की गई थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकासखंडों में किसानों को झांसा दे नकली खाद और बीज थमाने का खेल शुरू हो गया है। कथित तौर पर जिम्मेदार विभाग के मैदानी अमले की मिली भगत से यह सारा खेल चल रहा है। आम आदमी पार्टी महासमुंद लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि जिले के लगभग 700 से ज्यादा गावों में खाद और बीज की पर्याप्त आपूर्ती नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों को दर -दर भटकना पड़ रहा है साथ ही किसानों की मांगों को समिति प्रबंधकों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। कुछ जगह पर अमानक और नकली खाद की बिक्री की ख़बरें आई हैं। जिला अध्यक्ष यूथ विंग हरीश कुमार पटेल, नंदलाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष छुरा मिलन बंजारे बालेश्वर नागेश ब्लॉक अध्यक्ष यूथ विंग छुरा, पुष्पक लाल जगत मुख्य उपस्थित थे।

### सिर्रीखुर्द में कर्मा जयंती मनाई गई

# माता-पिता और बुजुर्गों का करें सम्मान : विधायक रोहित

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू ने रविवार को ग्राम सिर्रीखुर्द में कर्मा जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में साहू समाज को आदर्श और प्रेरणा का स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि साहू समाज जिला, प्रदेश और राष्ट्र का एक बड़ा सामाजिक संगठन है, जिसके सदस्य विभिन्न उच्च पदों पर आसीन होकर समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं।

विधायक साहू ने, जो स्वयं जिला साहू संघ के पदाधिकारी भी हैं, समाज से व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा और सामाजिक उत्थान पर ध्यान देने, और सामूहिक आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करने जैसे सकारात्मक कार्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया, जिससे सामाजिक एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने साहू समाज द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों को उजागर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने की बात कही। विधायक ने साहू समाज से सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। उनके अनुसार, इन प्रयासों से साहू समाज न केवल एक आदर्श समाज के रूप में स्थापित हो रहा है, बल्कि अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।

**माता-पिता का सम्मान करना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग :** विधायक



रोहित साहू ने साहू समाज के विशाल मंच से माता-पिता और घर के बुजुर्गों के सम्मानपर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ इसमें गिरावट आना चिंता का विषय है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परिवार और समाज को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है, क्योंकि परिवार एवं समाज में उनकी उपेक्षा एवं तिरस्कार की घटनाएँ बढ़ रही हैं। विधायक ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि माता-पिता या घर के बुजुर्ग अनुभव से परिपूर्ण, श्रद्धा-सम्मान के पात्र, परिवार के बहुमूल्य सदस्य एवं किसी भी समाज की अमूल्य थाती होते हैं। उनकी देखरेख हमारा पावन कर्तव्य और आवश्यकता भी है। उन्होंने बताया कि आज जब संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, परिवार का ताना-बाना बिखर रहा है, और एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है, ऐसे में बच्चों का विकास भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में परिवार में माता-पिता और बुजुर्गों के महत्व को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि बुढ़ापे में इंद्रियाँ शिथिल हो जाती हैं और शरीर पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाता। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि हर इंसान को एक दिन इस अवस्था से गुजरना होता है। इसलिए, हमारा कर्तव्य है कि इस अवश्यंभावी प्रक्रिया का सम्मान करें और माता-पिता व बुजुर्गों को इसका सामना करने में आवश्यक सहयोग देने की पूरी व्यवस्था करें।

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. अ / 2 वर्ष 2024-25
ग्राम-फिंगेश्वर, प.ह.नं. 09 तहसील - फिंगेश्वर दिनांक 23/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चंचल साहू पति श्री केशराम साहू निवासी लचकेरा, तहसील - राजिम, जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम-फिंगेश्वर, तहसील-फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 1032 / 25 रकबा 0.03 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से आज दिनांक 23/06/2025 को जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजिम

**खबर संक्षेप**

## डीएवी देहारगुड़ा के तीन छात्रों का प्रयास विद्यालय में चयन



**मैनपुर।** मैनपुर से महज 4 किमी मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा के तीन बच्चों ने प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी के लिए हुई प्रवेश परीक्षा को पास किया है। विदित हो कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025–26 कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया था। संस्था प्रमुख वेनुका साहू ने बताया कि विद्यालय के कक्षा आठवी के तीन बच्चे पूर्वी ठाकुर, तृप्ति ठाकुर और जय प्रकाश चतुर्वेदी ने प्रयास आवासीय विद्यालय की परीक्षा पास कर कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए स्थान पक्का किया है। बच्चों के सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय के सभी शिक्षक, संरक्षक व विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## वनांचल में चरण पादुका योजना से लौटी खुशी, ग्रामीणों ने जताया सीएम का आभार



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ किए जाने से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछली सरकार द्वारा यह योजना बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों में निराशा व्याप्त थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस कदम से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना का शुभारंभ कर दिया है। इस योजना के तहत **तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को चरण पादुका प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, छत्तीसगढ़ सरकार का राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों से किया गया एक और महत्वपूर्ण वादा पूरा हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प पत्र में 'चरण पादुका योजना' को फिर से शुरू किए जाने का वादा किया था, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था। छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार द्वारा पुनः शुरू की जा रही इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सरकार ने 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह योजना सीधे तौर पर राज्य के **12 लाख 40 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को लाभ पहुंचाएगी, जिन्हें चरण पादुका का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के राज्य की अर्थव्यवस्था और वनोपज आधारित आजीविका में अमूल्य योगदान को सराहा।

### प्रत्येक स्कूल में दो से चार शौचालय होने के बावजूद अधिकांश उपयोग के लायक नहीं

# स्कूलों के शौचालय बदहाल, छात्र-छात्राएं परेशान, भ्रष्टाचार पर न जांच न कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में शौचालयों की बदहाली एक गंभीर समस्या बनी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रत्येक स्कूल में दो से चार शौचालय होने के बावजूद, अधिकांश उपयोग के लायक नहीं हैं। इन शौचालयों के निर्माण पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन हकीकत में ये कबाड़ बन चुके हैं। निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप है, जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर न तो कोई कार्रवाई हो रही है और न ही कोई जांच। इसका खामियाजा आदिवासी क्षेत्र के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।





### स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां

एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान की वाहवाही लूट रही है, वहीं दूसरी तरफ मैनपुर क्षेत्र के कई शासकीय स्कूलों में इस मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शौचालयों की स्थिति इतनी बदतर है कि विद्यार्थियों को लघुशंका के लिए मैदान या दीवारों की ओट का सहारा लेना पड़ रहा है। शौचालयों की गंदगी से शाला परिसर में भी गंदगी फैली हुई है, जिससे विद्यार्थियों की मूलभूत जरूरतों और स्कूल की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### कागजों पर चकाचक, हकीकत में कबाड़

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में स्कूलों में सर्व शिक्षा अभियान, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के माध्यम से विशेष बच्चों की समस्या को देखते हुए सीडब्ल्यूएसएन (बच्चों के लिए विशेष आवश्यकता वाले शौचालय) शौचालय की परिकल्पना की गई थी, लेकिन इनकी स्थिति भी बेहद खराब है। सभी स्कूलों में एक हजार से ज़्यादा शौचालयों का निर्माण किया गया है और प्रत्येक शौचालय के निर्माण में एक लाख से दो-तीन लाख रुपये तक खर्च किए गए हैं। लेकिन 90 प्रतिशत शौचालयों में पानी और मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राएं चाहकर भी इनका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### एक-एक स्कूल में तीन से चार शौचालय, फिर भी अनुपयोगी

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में कुल 256 शासकीय प्राथमिक शालाएं, 117 मिडिल स्कूल, 17 हाई स्कूल और 13 हायर सेकेंडरी स्कूल हैं, जिनकी कुल संख्या 403 है। इनमें से अधिकांश स्कूलों में पिछले 15 वर्षों के भीतर तीन से चार शौचालय का निर्माण किया गया है। स्थानीय शिक्षा विभाग को भी यह जानकारी नहीं है कि ये शौचालय किस योजना के तहत बनाए गए हैं। 2005-2007 के बीच सर्व शिक्षा अभियान एवं पीएचई के तहत सभी स्कूलों में शौचालय का निर्माण किया जाना था, लेकिन कई स्कूलों में आज तक निर्माण कार्य अधूरा है। आधे-अधूरे बने शौचालय भी पूरी तरह से कंडम और जर्जर हो गए हैं। इनमें पानी और अन्य सुविधाओं की कमी के कारण अधिकांश में ताला लगा हुआ है, जबकि कई शौचालयों में झाड़-झंखाड़ और पेड़-पौधे उग गए हैं। अधिकांश शौचालयों में दरवाजे और सीट भी नहीं लगाए गए हैं, जिसके कारण उनका उपयोग नहीं हो रहा है। मैनपुर विकासखंड के 25 स्कूलों में 7 साल पहले मॉडल शौचालयों का निर्माण किया गया था, जिन पर 7-8 लाख रुपये प्रति शौचालय खर्च हुए थे। इन मॉडल शौचालयों की हालत भी बेहद खराब है और ये आज तक उपयोग में नहीं लाए गए हैं क्योंकि इनमें पानी की सुविधा नहीं है। गौरघाट, देहरगुड़ा सहित एक दर्जन गांवों में बने मॉडल शौचालय भी जर्जर स्थिति में पड़े हैं।

### शिकायतों के बावजूद न जांच, न कार्रवाई

शौचालय निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सहित आरईएस, पीएचई एवं विभिन्न मदों से लाखों रुपये जारी किए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। हालांकि, रिकॉर्ड में सभी जगह कार्य पूर्ण बताया गया है। यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो शौचालय भ्रष्टाचार के बड़े मामले सामने आ सकते हैं और इसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा।

### अधिकारियों को जानकारी भेजी गई है

सर्व शिक्षा अभियान मैनपुर के खंड स्रोत समन्वयक एसके नागे ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न योजनाओं के तहत शौचालय का निर्माण किया गया है, जिनमें से कई स्थानों पर शौचालय निर्माण अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं निरीक्षण कर इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी है।

## ग्राम चरभट्ठी में जन जागरण रैली निकली, हुआ दुर्गा चालीसा पाठ




**छुईहा बेलर।** भगवती मानव कल्याण जिला संगठन के मार्गदर्शन में इकाई ग्राम चरभट्ठी द्वारा रविवार को जन जागरण रैली और दुर्गा चालीसा का आयोजन किया गया था। तहसील प्रचार मंत्री भारत साहू चरभट्ठी ने इस संगठन के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा जन-जन में माता भगवती दुर्गा जी की चेतना जाग्रत करके मनुष्यता का निर्माण करना है, और यह संगठन परिवार नशा मुक्ति, सामाजिक बुराइयों को दूर करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने जैसे कार्यों में सक्रिय है। यह संगठन, एक आध्यात्मिक विचारधारा से जुड़ा है। परम पूज्य सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन व संरक्षण में क्षेत्र के ग्राम चरभट्ठी मे रविवार को भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा 5 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ एवं नशामुक्ति सद्भावना रैली का आयोजन किया जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष उत्तम साहू, संचालक तान सिंह साहू, संतोष साहू, योगेश साहू, नोहर साहू, युवराज साहू, ठाकुर राम, थानेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, कांशी राम, गणेशराम, तहसील प्रचार मंत्री भरतलाल साहू, तहसील अध्यक्ष रोशन साहू, खेमचंद साहू, ऋषि साहू, खुमान साहू, राजू साहू, हेमंत निषाद, कार्तिक पटेल, ओमप्रिया साहू, तनु साहू, जागृति साहू, महेश्वरी साहू, चमेली, रिखी साहू, जिज्ञासा साहू एवं समस्त ग्राम वासियों चरभट्ठी उपस्थित थे।

## भेण्डरी में किया गया योगाभ्यास



**नवापारा/भेण्डरी।** भेण्डरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्याम साहू ,पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन ,विनीता साहू, सरपंच राजेश्वरी पटेल, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, छबि साहू, प्रहलाद ध्रुव, राधे पटेल,ओंकार साहू, प्राचार्य ज्योति बघेल, चंद्रहास साहू मौजूद थे।

## योग्य बनने के लिए योग है जरूरी: सिन्हा



**छुरा।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण में पूजा न्यूट्रीशन क्लब द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया रविवार को किया गया। जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ अनुभवी योगाचार्य मिथलेश सिन्हा के द्वारा सभी को प्रोटोकाल का अभ्यास कराया गया। जिसमें शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले अभ्यास, बैठकर किए जाने वाले अभ्यास, पेट के बल लेटकर, पीठ के बल लेटकर, प्राणायाम आदि का विधिवत अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि समाज और परिवार में योग्य बनना है तो योग करें क्योंकि योग ना केवल शारीरिक अभ्यास है बल्कि जीवन जीने की सम्पूर्ण कला है,योग को आप जादू भी कह सकते है, नियमित योग करने से जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता हैं। प्रतिदिन नियमपूर्वक नियमित योगाभ्यास करने से आत्मबल बढ़ता हैं, सकारात्मक भाव आता है, साथ ही आत्म विश्वास में भी वृद्धी होती है, जिससे जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता हैं। उर्जा बढ़ती हैं। मनुष्य रोजाना कई गतिविधियां करता है और दिन के अंत में थक जाता है, लेकिन अगर वह नियमित योग करता है, तो उसमे उर्जा का संचार होता हैं। थकावट या किसी भी काम के प्रति उदासी का भाव नहीं रहता। सभी अंगो को अपना कार्य करने के लिए पर्याप्त उर्जा मिलती है,क्योंकि योग से भोजन का सही मायने में पाचन होता हैं जो दैनिक उर्जा को बढ़ाता हैं।

क्लब के विषय विशेषज्ञ पवन सिन्हा ने योगाचार्य मिथलेश सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 11 वर्षों से अधिक समय से आपके द्वारा निःशुल्क, निस्वार्थ किए जा रहे योग के कार्य, क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी है। आपका सहयोग क्षेत्र के लिए बहुत उपयोगी है, आपकी दीर्घायु जीवन जीने की प्रार्थना करते हुए आपका धन्यवाद करते हैं तथा भविष्य में आपसे सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। योग दिवस के इस कार्यक्रम में शंकर सचदेव, तुलसी जगत, शिवचरण कमार, अभिनव साहू, तीजू चक्रधारी, मीना यादव, भुनेश्वर पटेल, चंद्रकांत यादव, कृष्णा यादव, धनराज नाग, अहाना यादव, रूखमणि यादव, हर्षिता पटेल आदि उपस्थित थे।

### योग जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और संयम का सूत्र है : यदू

**मुड़ागांव(कोरासी)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुष विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय, रानीपरतेवा के आयुष्मान आरोग्यमंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "योग संगम हरित योग" विषय पर आधारित योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि "योग केवल कसरत नहीं, बल्कि यह भारतीय जीवनशैली की आधारशिला है। योग को जन-जन तक पहुंचाना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत रानीपरतेवा का योग जागरूकता के क्षेत्र में सदैव सहयोगी मिलता रहेगा। ग्रामीणों की भागीदारी से यह आयोजन सफल और प्रेरणास्पद बना। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति प्रहलाद यदु ने योग को आत्मबल और मानसिक शांति का मार्ग बताते हुए कहा कि योग जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और संयम का सूत्र है। ग्रामीण अध्यक्ष सोमन यदु ने कहा कि "योग को दैनिक जीवन में अपनाकर हम रोगमुक्त समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। ग्राम पटेल साधुराम निषाद ने भी आयोजन की सराहना करते हुए योग को हर पीढ़ी के लिए आवश्यक बताया।

## भाजपा मंडल राजिम ने योग दिवस पर नवाडीह में किया योग



**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजिम के नवाडीह वार्ड 15 बूथ 101 में शीतला मंदिर के पास भाजपा मंडल राजिम के कार्यकर्ताओं एवं वार्ड वासियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

योग हमें तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका सिखाता है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यह हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, मन को शांत और केंद्रित करता है, और आत्मा को शुद्ध और ऊर्जावान बनाता है। कहा कि हम योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और इसके लाभों को अनुभव करें। योग हमें एक स्वस्थ, सुखी और संतुष्ट जीवन जीने में मदद करेगा। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू,राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, वरिष्ठ डा. महेंद्र साहू,कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू ,बुथ अध्यक्ष चंद्रहासाहू,बुथ सचिव शिवकुमार साहू,रामजीवन साहू,प्रदीप जैन,पार्षद टंकु सोनकर तुलाराम आचार्य ,शाला अध्यक्ष ईश्वर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य लिकेश्वर साहू , मिडिया प्रभारी युवराज साहू,भागवत साहू, महेश वर्मा, प्रवीण पुष्पाकर, डिकेश शर्मा ,शंकर यादव ,मनोज साहू,महिला मोर्चा से मनीषा साहू, द्वय शान्ति साहू ,नोमिका साहूज,कुमारी साहू,केतकी साहू के साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय के देवेंद्र कुमार ने पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में किया टॉप



**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र देवेंद्र कुमार ने पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। देवेंद्र ने सत्र 2024-25 में 62.6% अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलाकांत यादव ने देवेंद्र कुमार को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के प्रयासों का असर आगामी दो-तीन वर्षों में बड़े पैमाने पर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि देश के योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ये बच्चे अपने मनोवांछित लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे। देवेंद्र के पिता सुंदर पाथर ने प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रति आभार जताया और कहा कि विद्यालय के प्रयासों से ही देवेंद्र को यह सफलता मिली है।

विद्यालय के शिक्षकों राहुल यादव, आशुतोष त्रिपाठी, प्रशांत दुबे और अमित कुमार ने देवेंद्र को उसकी सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि देवेंद्र की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। देवेंद्र कुमार की यह उपलब्धि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए एक बड़ी सफलता है और यह विद्यालय के प्रयासों को दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि देवेंद्र आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## गोंड़ समाज की बैठक में विकास व उत्थान पर मंथन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के सामुदायिक भवन में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज बिन्द्रानवागढ़ राज की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में बारूका गरियाबंद, धवलपुर, नवागढ़, मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर 8 परिक्षेत्र से हजारो की संख्या में समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान समाज के विकास और उत्थान के लिए चर्चा किया गया समाज के बच्चो को बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ ही उनके भविष्य को उज्जवल बनाने और हर संभव शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस दौरान समाजिक आय व्यय एवं समाजिक मामलो का निराकरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के बिन्द्रानवागढ़ राज अध्यक्ष लालसिंह मरई, संरक्षक अंजोरसिंह नेताम, नरसिंह मरकाम, रामसिंह मरई, कोसिंग नेताम, सुकचंद ध्रुव, अंजोरसिंह कुंजाम, अशोक मरकाम, तेजराम ध्रुव, बालाराम ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, नंदकिशोर ध्रुव, खगेश्वर ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, अशोक ध्रुव, नैनसिंह नेताम, नकछेड़ा राम ध्रुव, लोकेश ध्रुव, गणेश राम, हरचंद ध्रुव, इतवारी राम, भोलाराम, उत्तम ध्रुव, श्रीमति भामे"वरी ध्रुव, नर्मदा ध्रुव, निर्मला, प्रमिला, फुलबाई ध्रुव, सरोज ध्रुव, कुमारी बाई, मुन्ना ध्रुव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने भसेरा सरपंच की मांग पर विभिन्न कार्यों के लिए 30 लाख की राशि देने की घोषणा की

# शिक्षा से ही जीवन में विकास होता है: विधायक रोहित

**फिंगेश्वर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भसेरा मे विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्यअतिथि विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर प्रवेश कराया। नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक सहित गणवेश का वितरण किया गया। विकासखंड मे मेरिठ मे आने वाले मेघावी छात्रें को विधायक के करकमलों से सम्मानित किया गया वहीं पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण अभियान के तहत पौधों का रोपण किया एवं छात्राओं को साईकिल का वितरण किया।






शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन में अनिर्वाय है। शिक्षा से ही जीवन में विकास होता है। कुछ बनने का सपना बचपन से लेकर चलने पर निश्चित ही वह सपना हकीकत में बदलेगा। बच्चों आप लोग भी यह सपना देखे कि शिक्षा ग्रहण कर उन्हे आगे जाकर क्या बनना है? मैने भी जागते हुए सपना देखा था जो आज सफल हुआ है। सरपंच, जिला सदस्य के बाद आज मै विधायक बनकर सेवा में लगा हूं। स्कूल खुल गया है। संचालन के लिए हमारे गुरूजन शाला समय में स्कूल आवे और बच्चों को अंधकार की दिशा से प्रकाश की ओर ले चले अर्थात अपने जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने भसेरा के सरपंच दीपक ध्रुव की मांग पर सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपए, शाला में टीन शेड के लिए 10 लाख एवं उद्यान निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। कुल 30 लाख रुपए की ग्राम को सौगात दी।

**शिक्षा का महत्व तभी है जब शिक्षा से लोगों के व्यक्तत्वि का विकास हो :** जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने स्कूलों में बेहतर पढ़ाई के साथ- साथ संस्कार देने की बाते कहीं। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजित महाड़िक ने कहा कि शिक्षा का महत्व तभी है जब शिक्षा से लोगों के व्यक्तत्वि का विकास हो। ईट पत्थर एवं भवनों का निर्माण सर्वागिन विकास नहीं होता है। बच्चों में अनुशासन के साथ -साथ संस्कार की शिक्षा भी अनिवार्य हो।

### शानदार नृत्य की दी प्रस्तुती

कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत शानदार नृत्य की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य कुमान सिह ध्रुव ने किया आभार विकासखंड शिक्षाधिकारी रामेन्द्र जोशी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव कोपरा, रिकेश साहू राजिम, मंजूलता हरित फिंगेश्वर, नेहरू साहू, ओंकार साहू, ईश्वर साहू भसेरा, मुकेश साहू, सरपंच दीपक ध्रुव मंचासिन थे। वहीं पर दर्शक दीर्घा में संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, भुनेश्वरी साहू, अंजली देवकर, भुवन साहू, दीपक साहू, किशोर साहू, प्राचार्य पूरल लाल साहू, याचना जोशी, श्री नेताम, शिक्षक छगन दीवान, भुवनलाल यद्‌दु, गैंदूलाल पटेल, हूलस साहू, नरेश साहू, अरूण प्रजापति, धनेश कुमार मरकाम, कृपाराम नेताम, चेतन साहू,जनपद के सीईओ स्वप्निल ध्रुव, बीआरसी शुभाष शर्मा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी जितेन्द्र साव सहित स्कूलों के शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशिः-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411